कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक :–शिविरा /मा /संस्था/सी–6/राज0विज्ञान/स्थानान्तरण/2020–21/1–805 दिनांक–04.01.2021 के द्वारा श्रीमती भावना सोनी व्याख्याता, राजनीति विज्ञान वनविहार ईदगाह, जयपुर का स्थानांतरण राउमावि सीकरी, दौसा किया गया। श्रीमती भावना सोनी ने उक्त स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 693/2021 श्रीमती भावना सोनी बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की।

अपील संख्या 693/2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.02.2021 द्वारा अपीलार्थी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं प्रत्यर्थी विभाग को अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने एवं ऐसे निस्तारण की सम्यक सूचना अपीलार्थी को देने के आदेश प्रदान किये है।

माननीय अधिकरण निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्रीमती भावना सोनी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के पुत्र का कैरिटोकोनस नामक रोग से ग्रसित होने तथा बीमार सास–ससुर के देखभाल की जिम्मेवारी स्वयं पर होने के आधार पर अपना पदस्थापन/समायोजन राउमावि शुक्लावास, कोटपुतली, जयपुर/राउमावि झारली, सीकर/ राउमावि बुचारा, पावटा, जयपुर/राउमावि टोरडा गुर्जरा, पावटा, जयपुर/घस्सु माधोपुर, लक्ष्मणगढ, सीकर अथवा बगदोदा, फतेहपुर, सीकर की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का गहनता से परीक्षण व मनन किया गया। माननीय अधिकरण की पालना में अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि बुचारा, पावटा, जयपुर (213068) व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/ या. 693/2021 दिनांकः–24/02/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1.संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ....।
2.संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा............................।
3.मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ....।
4.जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर...................................।
5.विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6.सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7.संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि/राबाउमावि ....।
8.गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर